तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



11 सशिमं में रामानुज जन्मदिवस पर गणित...





12 ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सार्थक सिद्ध..




# 24 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा, एक मार्च से संभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा संचालित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं 1 मार्च से संभावित हैं। इस बार 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के 24 हजार से अधिक विद्यार्थी दिलाएंगे, जिसमें दसवीं में सबसे अधिक 14 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जबकि बारहवीं में करीब 10 हजार परीक्षा में बैठेंगे। मुख्य परीक्षा के पहले सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं जनवरी में आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंडल परीक्षा की समय सारिणी तैयार करने में जुटा हुआ है। शीघ्र ही परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी।

## 10 वीं और 12 वीं बोर्ड में जिले के 24 हजार से अधिक विद्यार्थी दिलाएंगे परीक्षा

### 10 से प्रायोगिक परीक्षा

कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रैक्टिकल एवं प्रायोजना परीक्षा 10 से 31 जनवरी के मध्य जिले के सभी मान्यता प्राप्त हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में आयोजित की जाएगी। माशिमं द्वारा इस संबंध में पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए माशिमं द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में तय तिथि के मध्य प्रैक्टिकल परीक्षा व प्रायोजना कार्य संपन्न कराना अनिवार्य है।





### एग्जाम सेंटर की जानकारी नहीं

सीबीएसई बोर्ड के एग्जाम के डेट शीट आते ही छात्र -छात्राएं परीक्षा की तैयारी में जुटे गए हैं। इधर सीबीएसई स्कूलों में प्रैक्टिकल एक्जाम अभी शुरू नहीं हुए हैं। प्रैक्टिकल परीक्षा 1 जनवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक ही ली जाएगी। दसवीं की परीक्षा 15 फरवरी से 13 मार्च तक ली जाएगी, जबकि बारहवीं की परीक्षा 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। लेकिन, एग्जाम सेंटर की जानकारी अभी तक नहीं दी गई है।

परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस वर्ष मुख्य परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 24 हजार से अधिक नियमित विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब परीक्षा की समय सारिणी तैयार की जा रही है। विधानसभा चुनाव और नई सरकार के गठन की वजह से परीक्षा की समय सारिणी जारी होने में देरी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से संभावित है। शीघ्र ही परीक्षा की समय सारिणी जारी की जाएगी। समय सारणी के अलावा परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों का भी निर्धारण किया जा रहा है। गत वर्ष परीक्षा के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर कुछ स्कूलों को इस बार परीक्षा केंद्र से वंचित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### युवक ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** नगर के एक लॉज में युवक का शव फांसी पर लटका मिला। पुलिस बताया कि हिमांशी लॉज में मनीष अमरानी पिता अशोक (30 साल) कटोरा तालाब रायपुर निवासी ने बुधवार को करीब 11.40 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिस पर महासमुंद पुलिस ने सूचना के अधार पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### घर बाड़ी से शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम सावित्रीपुर में बुजुर्ग व्यक्ति के घर की बाड़ी से महुआ शराब जब्त किया गया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि गोरांगो मिरधा पिता धनीराम (60 साल) के घर बाड़ी में रखा 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद कर आरोपी पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दो लोगों से 7200 एमएल देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे शिवनाथ डडसेना पिता रविंद्र निवासी खोखेपुर को पुल के पास से एवं किरीत लाल बुड़ेक पिता रेंगटा निवासी टिभूपाली को टिभूपाली एवं खोखेपुर के बीच से 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए के साथ पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

### आदेश की अवहेलना, युवक पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना के मामले में खल्लारी थाने में युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमदत्त कश्यप पिता कमलेश (32 साल) निवासी धनमऊ मैनपुरी उत्तर प्रदेश के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर न्यायाधीश एनडीपीएस के प्रतिवेदन के आधार पर धारा 229 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने युवक के पास से महुआ शराब जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर उत्तर कुमार खुंटे पिता बुधराम (32 साल) ग्राम कर्राभौना के पास से अपने घर के पीछे खेत में अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह एक दूसरे मामले में पिथौरा पुलिस ने ओमप्रकाश मिरझा पिता संतराम ग्राम अमलीडीह को अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया। युवक के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कार्रवाई : ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जा रहे थे तस्कर

# कार से मिला 50 लाख का गांजा एक तस्कर गिरफ्तार दूसरा फरार






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओड़ीशा के सोनपुर से कार में गांजा लादकर मध्यप्रदेश में खपाने की फिराक में रहे तस्करों को पकड़ने में जिला पुलिस कामयाब रही है। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में चल रही पुलिस चेकिंग देखकर तस्कर गाड़ी भगाने लगे जिन्हें बैरियर में पकड़कर पुलिस ने तलाशी ली तो कार से 100 किलो गांजा बरामद हुआ वहीं तस्कर का एक अन्य साथी भागने में कामयाब हो गया। गांजा का बाजार मूल्य 50 लाख रुपए आंका गया है। जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ की गई यह 92 वां प्रकरण है, जिसमें अब तक 169 आरोपियों से कुल 17 करोड़ 50 लाख रुपए का 6704 किलो गांजा एवं करीब तीन करोड़ रुपए के 74 वाहन जब्त किए गए हैं। गांजा तस्कर के मामले में यह प्रदेश में सर्वाधिक प्रकरण है, जिसे जिला पुलिस द्वारा अंजाम दिया गया है।

- कार की तलाशी में 50 लाख का गांजा, साल भर में 17 करोड 50 लाख का गांजा जब्त

प्रदेश के सीमावर्ती प्रांत ओडिशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में गुरुवार को मुखबिर की सूचना मिली कि बरगढ़ ओडिशा से एक लग्जरी कार में गांजा की बड़ी खेप लेकर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। जिस पर सिघोड़ा पुलिस और सायबर सेल की टीम को जिले में प्रवेश के सभी प्वाइंट पर तैनात किया गया था। इसी दौरान ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग का ओरा कार आते दिखा। लेकिन, नाका पहुंचने से पहले ही कार चालक वाहन खड़ी कर जंगल की ओर भागने लगा, जिसे संदिग्ध लगने पर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

उसने अपना नाम विनोद सिंह पिता स्व. राजबहादुर सिंह 23 वर्ष निवासी पूर्वा वार्ड नं. 02 बहरौल थाना कोटी जिला सतना मध्य प्रदेश का होना बताया । जिनसे ओड़शिा आने का कारण एवं कार छोड़कर भागने कारण पूछे जाने पर वाहन में गांजा होना बताया। जिसके आधार पर वाहन की तलाशी ली गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महासमुंद धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन मे अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं एसडीओपी सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में महासमुंद पुलिस द्वारा की गई।

### बीच सीट में रखा था छुपाकर

कार के पीछे डिक्की एवं बीच सीट में 04 नग प्लास्टिक बोरी के अंदर कुल कुल 100 नग पैकेट खाकी कलर के टेप से टेपिंग किया हुआ गांजा मिला। वाहन पर अवैध गांजा परिवहन करते पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर एक क्विंटल गांजा कीमती 50 लाख रूपए एवं कार कीमती 6 लाख रूपए कुल जुमला कीमती लगभग 56 लाख रूपए जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस के तहत थाना सिंघोडा में कार्रवाई की गई है।

# ऑपरेटर की गैर मौजूदगी में तहसील में नहीं हो रहा भू-रकबा में सुधार

## ऑपरेटर है चार दिन से छुट्टी में, बिना त्रुटि सुधार वापस लौट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सरकारी दर पर धान बेचने के लिए किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर, उन किसानों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है, जिनका नाम नए बने उपार्जन केंद्रों में दर्ज हो गया है। इनमें सबसे ज्यादा त्रुटि रकबा में देखा जा रहा है। जिन्हें सुधरवाने के लिए किसानों को तहसील दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। लेकिन, त्रुटि सुधार के नियुक्त ऑपरेटर नदारद रहते हैं, तो कभी तहसीलदार किसी अन्य कार्यों में लगे होते हैं, जिसके चलते किसानों के भू रकबा में त्रुटि सुधार नहीं हो पा रहा है और वे समर्थन मूल्य पर धान बेचने से अब तक वंचित हैं। समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए कृषि भूमि का त्रुटि सुधार करने तहसील दफ्तर पहुंचे नांदगांव के किसान लेखराम धीवर, भूखन पटेल, अशोक पटेल, तुकाराम पटेल, मिलाप पटेल आदि ने बताया कि वे बीते एक सप्ताह से तहसील दफ्तर का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, हर बार उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। बताया जाता है कि रकबा में त्रुटि सुधार के लिए नियुक्त ऑपरेटर अनिता साहू छुट्टी पर है। लेकिन, कब आएंगी, इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है। इसलिए, उन्हें रोजाना आना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि इससे पहले मंगलवार को बताया गया कि ऑपरेटर दो दिन की छुट्टी पर है। जिसके चलते वे गुरुवार को त्रुटि सुधार करने पहुंचे। लेकिन, ऑपरेटर मौजूद नहीं थी। फिर शुक्रवार को भी पहुंचे। इस दिन भी यहीं हाल रहा। अब तीन दिनों तक लगातार शासकीय अवकाश रहेगा।

### सात दिनों से है छुट्टी में ऑपरेटर

तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 16 से 18 दिसंबर तक शासकीय अवकाश रहा। इसके बाद मंगलवार से रकबा त्रुटि सुधार के लिए नियुक्त ऑपरेटर अनिता साहू लगातार छुट्टी में है। जिसके चलते किसानों को तहसील दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### सरकारी कॉलोनी में लगाई फांसी

**महासमुंद।** सरायपाली थाना मे एक व्यक्ति ने शासकीय परिसर कॉलोनी सरायपाली में फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि मृतक राजू पलाह पिता मोहन (46 साल) ने अज्ञात कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर मर्ग कायम किया गया है।

# तीन लोगों से पुलिस ने जब्त किया 10 लीटर महुआ शराब

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने महुआ शराब और देशी प्लेन शराब जब्त करते हुए 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना प्रभारी प्रवीण चौहान समेत बागबाहरा पुलिस द्वारा 21 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर झलप रोड एफसीआई गोदाम के पास बागबाहरा में आरोपी दिलीप चौहान पिता स्व मोतीराम चौहान (34 साल) निवासी वार्ड नं 01 भानपुर थाना के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3.240 लीटर कीमत 1440 रुपए एवं बिक्री रकम 100 रुपए जुमला कीमत 1540 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बागबाहरा में धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट कायम किया गया।

इसी तरह मुखबिर सूचना पर मंडी रोड बागबाहरा आरोपी रामबली गुप्ता पिता स्व सूर्यदेव गुप्ता (45) निवासी वार्ड नं 15 मंडीपारा बागबाहरा को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। उसके कब्जे से 22 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 3.960 लीटर कीमत 1760 रुपए एवं बिक्री रकम 250 रुपए जुमला कीमत 2010 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बागबाहरा में धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं, ग्राम मुडागांव खार तालाब के पास महुआ पेड़ के नीचे घनश्याम मिर्धा पिता बिहारी लाल मिर्धा (29) निवासी कुशपाली, जगदीश ठाकुर पिता बलराम ठाकुर (27) निवासी कुशपाली थाना बागबाहरा के संयुक्त कब्जे से 05-05 लीटर हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त करने की कार्रवाई की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कोरोना की आहट, सैंपल लेकर की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कोरोना का नया वेरिएंट ने प्रदेश में दस्तक देने के साथ ही जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में भी इलाज के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महीनों से बंद पड़े आक्सीजन प्लांट को फिर से शुरू किया जा रहा है। वहीं, आक्सीजन कांसेंट्रेटर मशीन को तैयार रखा जा रहा है। हालांकि कोविड 19 विषाणु के किसी नए वेरिएंट की पहचान नहीं हुई है। बावजूद इसके जिला स्तर पर एहतियात के तौर पर कोविड-19 के संक्रमण के सर्विलेंस, बचाव, रोकथाम एवं उपचार के लिए आवश्यक तैयारी करने कहा गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव द्वारा 19 दिसंबर को कोविड-19 से संबंधित एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 का संक्रमण नियंत्रण में है। लेकिन, कोविड-19 विषाणु के संक्रमण के प्रसार पर सतत निगरानी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक जिले में रोजाना पर्याप्त संख्या (कम से कम 100 टेस्ट) में कोरोना-19 की जांच करने निर्देश जारी किए गए हैं। आगामी नव वर्ष एवं त्योहार को देखते हुए कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने रेस्पिरेटरी हाइजीन और कोविड-19 व्यवहार का पालन किए जाने आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि प्रत्येक जिले में कोविड-19 की जांच यथासंभव आरटीपीसीआर विधि से किया जाए। इस जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर प्रत्येक सैंपल को जिनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए एम्स रायपुर भेजना कहा गया है, जिससे नए वेरिएंट की पहचान किया जा सकेगा।

### नियमों का करें पालन

पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनेटाईजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेंसिंग अपनाएं, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें।

### जिला अस्पताल में लिए जा रहे सैंपल

जिले के सर्विलेंस अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि विभाग के निर्देश के तहत कोरोना के संभावित लक्षण वाले मरीजों की जांच की जा रही है। जिला अस्पताल में शुक्रवार को 20 लोगों की एंटीजन कोरोना जांच की गई। सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव पाई गई।

# मछली मारने बिछाए बिजली तार की चपेट में आए युवक की मौत

**महासमुंद।** मछली मारने के लिए बिछाए गए बिजली तार की चपेट आने से हुई युवक की मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि झारा नाला में मणीराम ध्रुव पिता स्व. जसल सिंह व 04 अन्य लोगों के द्वारा मछली मारने बिजली तार का बिछाया गया था। इस तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से अगेश्वर निषाद पिता बीरबल ( 32 साल) निवासी ग्राम कोमा की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 304 ए.,149 भादवि , 135 छग विद्युत अधि 2003 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना मे लिया गया है।

## 142 विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

# षड्यंत्रपूर्वक विपक्षी सांसदों को किया जा रहा निलंबित: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा से विपक्ष के 142 संसद को निलंबित करने के मामले में कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र की भाजपा सरकार खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सदन में बिना विपक्ष, बिना विचार विमर्श, बिना चर्चा के बिल को पास कर के तानाशाही रवैया को अपनाया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में षडयंत्रपूर्वक सांसद सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है। जिससे देश के सदन में भाजपा द्वारा लाए गए बिल बिना चर्चा तानाशाही रवैया के साथ कानून बन जाए और आम नागरिकों को इन कानून में फेरबदल के लाभ हानि की कोई जानकारी ना हो सके। शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कहा कि आज लोकसभा में संसद की सुरक्षा की पोल खुल गई है। इतनी लचर व्यवस्था है कि कुछ युवा देश के संसद भवन के गर्भगृह तक आसानी से पहुंच जा रहे हैं। वह भी बीजेपी सांसदों का गेट पास लेकर जा रहे हैं। यदि उन लड़कों की जगह कोई हथियार बंद आतंकी होता तो सोचिए देश के सांसदों का क्या हाल होता। धरना प्रदर्शन में खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर पिछड़ा प्रकोष्ठ महामंत्री, यतेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष, बादल मक्कड़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद डमरूधर माझी, राजेश नेताम, अमन चंद्राकर, विजय साव, गौरव चंद्राकर, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, अनवर हुसैन, मनोहर ठाकुर, अक्षय साकरकर, शाहबाज रजवानी, राजा, टोमन सिंग कागजी, चमन चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, सोनम बंसोड़, मेहूल सूचक, सन्नी महानंद, सुरेंद्र ठाकुर, मनोहर ठाकुर, तुलसी देवदास, सुशील जोशी, नीरज चंद्राकर, रवि ठाकुर, चेतन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खिलावन बघेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन गुरमीत चावला ने किया।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### श्रीराम स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला महासमुंद में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, रस्सी दौड़, कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक, कैरम और फुगड़ी प्रतियोगिता हुई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका उर्मिला मरकाम, यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन, किरण दीवान, लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी, किशोर देवांगन, देवकुमार ध्रुव, हेमंत चक्रधारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार सवा लाख का गांजा जब्त

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी असगर खान रामलीला मैदान के पीछे चिन्हेट जिला लखनऊ उत्तरप्रदेश का निवासी है। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आरोपी को 21 दिसंबर को पुरानी बस्ती इलाके के राधास्वामी नगर से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया गया है, जिसमें 12 किलो 2 सौ ग्राम गांजा भरा हुआ था। गांजा का बाजार मूल्य एक लाख 20 हजार रुपए आंका गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### वाहन हटाने कहा तो महिला से की मारपीट

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने एक महिला से मारपीट मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी फातिमा खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे डगनिया स्थित बाजार मंदिर के पास मुख्य सड़क पर तीन युवक जागीर, बादल एवं दशरथ ने एक्टिवा वाहन पार्क किया। महिला ने जब वाहन को सड़क से हटाने के लिए कहा तो इस बात पर तीनों विवाद करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोट आई है।

### सूने मकान में धावा 80 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 19 से 20 दिसंबर के बीच की है। इस दौरान प्रार्थी हेमलता घर पर ताला लगाकर बाहर गई थी। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नकद 20 हजार रुपए एवं 60 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया।

### बिना कारण नाबालिग पर किया हमला

**रायपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने मारपीट मामले में दो लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 दिसंबर को रात 9 बजे की है। प्रार्थी बबलू निहाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 15 वर्षीय लड़का बूढ़ीपारा मंदिर राजेंद्र नगर स्थित अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान मोटरसायकल सवार अज्ञात दो युवकों ने बिना कारण उससे गाली-गलौच कर किसी चीज से मारकर फरार हो गए।

---

**विडंबना:** बिना लेन-देन के पंजीयन नहीं होने का लगाया आरोप, भाजपाई पोस्टर से मची खलबली

# विभाग में मोदी की गारंटी का उल्लेख कर टांगा पोस्टर रजिस्ट्री ऑफिस आने वाले पक्षकारों की उम्मीद जगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्थानीय उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री शुल्क के अलावा आए दिन अधिक शुल्क लेने की शिकायत आती रहती थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए भाजपा कार्यकर्ता ने बाकायदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की फोटो सहित मोदी की गारंटी का जिक्र करते हुए पोस्टर लगाकर रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों को भरोसा दिलवा रहे हैं कि वे उनके साथ है। और शासन द्वारा निर्धारित शुल्क भी है, वे उतना ही शुल्क देवें। अधिक शुल्क देने पर एक भाजपा कार्यकर्ता आम आदमी की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। भाजपा की सरकार आ चुकी है, इसी विश्वास पर रजिस्ट्री ऑफिस को भ्रष्टाचार मुक्त करने व जनता को राहत पहुंचाने एक कार्यकर्ता ने बड़ा कदम उठाया है।









### अधिकारी को हटाने मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायतः उबोवेजा

रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर वरिष्ठ जनसंघी नेता मीसाबंदी जगदीशलाल उबोवेजा ने बताया कि आज भी किसान व व्यापारी उनके पास आते हैं। और रजिस्ट्री कार्यालय में बिना पैसे लिए कोई काम नहीं होने की शिकायत करते हैं। बीते कांग्रेस शासनकाल में कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कार्यालय में महिला अधिकारी पदस्थ हैं, जो अपने महिला होने का फायदा व पहुंच की धौंस दिखाकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अतिरिक्त राशि लेकर कार्य करती हैं। उबोवेजा ने कहा कि दोहन बहुत हो चुका है, अब ऐसा नहीं होने देंगे। वे मुख्यमंत्री से स्वयं इसकी शिकायत करते हुए उक्त अधिकारी को हटाने एवं उनकी संपत्ति की जांच करवाने की मांग करेंगे। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि सरायपाली क्षेत्र में खुले रूप से शराब, जुआ, सट्टा एवं नशे का कारोबार व्यापक पैमाने पर बढ़ रहा है। इसकी भी शिकायत उनके द्वारा किए जाने की बात कही गई है।

क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों तथा अन्य लोगों का आरोप है कि रजिस्ट्री कार्यालय में बिना पैसे लिए कोई काम नहीं होता। साथ ही वहां के कर्मचारियों द्वारा लोगों से दुर्व्यवहार भी किया जाता है। इस आरोप के चलते लगभग 6 माह पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन भी किया गया था। एक बार फिर भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं और बाकायदा कार्यालय के सामने पोस्टर भी टांग दिया गया है, जिसमें किसी भी भ्रष्टाचार के लिए शिकायत के लिए मोबाइल नंबर दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री से भी इसकी शिकायत करने की बात कही जा रही है।

गौरतलब है कि स्थानीय उप पंजीयक कार्यालय में आए दिन रजिस्ट्री कराने के नाम पर लोगों से पैसे वसूले जाने की शिकायतें मिलती रहती हैं। जिसे देखते हुए विगत जुलाई 2023 में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय के सामने भ्रष्टाचार के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी समय से पूर्व ही कार्यालय बंद कर चले गए थे। उसके बावजूद कार्यालय के क्रियाकलापों में कोई सुधार नहीं आने और पूर्व की तरह भ्रष्टाचार जारी रहने की बात कहते हुए एक बार फिर भाजपाजन रजिस्ट्री कार्यालय के विरोध में उतर आए हैं और रजिस्ट्री अधिकारी को हटाने की मांग कर रहे हैं। बैनर के संबंध में उप पंजीयक कार्यालय प्रभारी रजिस्ट्रार लिली बेक से पूछा गया तो इस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करूंगी तथा अपने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेने के पश्चात ही कुछ कह पाऊंगी।

### धरना प्रदर्शन के बावजूद अधिकारी पर नहीं हुई कार्रवाई-संजय

भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा ने



रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार को देखते हुए मोदी की गारंटी नाम से पोस्टर ही टांग दिया है। जिसमें उप पंजीयक कार्यालय में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि मांगे जाने पर शिकायत के लिए उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी उसमें लिख दिया है। शर्मा ने कहा कि पूर्व कांग्रेस शासन काल में रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपाजनों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था, जिस पर अधिकारी कार्यालय ही बंद करके भाग गए थे। लेकिन उन पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उनके हौसले बुलंद होते गए और आज भी उनका भ्रष्टाचारी रवैया जारी है। उन्होंने भी अधिकारी को तत्काल हटाने के लिए मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

---

# किड्स एजुकेशन का शैक्षणिक भ्रमण छात्रों ने समझा प्रकृति का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से शैक्षणिक भ्रमण में पतोराडेम ओडिशा का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान बच्चों को शिक्षकों ने प्रकृति, पारिस्थितिक तंत्र के मानव जीवन पर प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बच्चों ने इस भ्रमण में पिकनिक (वनभोज) का भी मजा लिया। भ्रमण के दौरान स्कूल संचालक आरके दास,नीलू दास, एच भोई, प्राचार्य भगवती जगत, उपप्राचार्य नंदनी प्रधान सहित शिक्षक, बासमती जगत, गीतांजलि तिवारी, उषा विशी, हसीना बेगम, भारती चौहान, हेमा साव, दीपिका साव, जोगेंद्र जगत पप्पू चौहान भी थे। जिन्होंने बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। स्कूल एडवाइजर आरके दास ने बताया कि यहां पर विद्युत उत्पन्न किया जाता है। यहां शिव मंदिर की स्थापना प्रसिद्ध हस्ती गुलशन कुमार द्वारा किया गया है। इसके अलावा शिक्षा का एक आयाम पर्यटन शिक्षा भी होता है।



पर्यटन से प्रकृति के दृश्य रूप का अवलोकन होता है। जिससे ज्ञान का विस्तार होता है। प्राचीन काल की शिक्षण पद्धति में विजुअल पर अधिक फोकस किया जाता था। आज की आधुनिकतम शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थी वर्ग को प्रकृति से जितना जोड़ा जाएगा उतना ही उनके कौतूहल में अधिकाधिक वृद्धि होगी। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को जंगल के बीच ले जाकर नदियों के उद्गम, पारिस्थितिक तंत्र, पर्यावरण का जीवन पर प्रभाव सहित कई विषयों के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा कई प्रकार की वनस्पतियों के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित



**सरायपाली।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैकिन के बच्चों द्वारा ग्राम पंचायत राफेल में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परीक्षित राणा सरपंच ग्राम पंचायत राफेल, अध्यक्षता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैकिन प्राचार्य योगेश्वर भोई द्वारा धवजारोहण एवं एनएसएस गीत से किया गया। ग्राम पंचायत पैकिन सरपंच प्रतिनिधि नीलेश तिवारी, एसएमडीसी अध्यक्ष पैकिन मनोज तिवारी, एसएमसी अध्यक्ष राफेल चौहान, पंच यादव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता बीएल तांडी, प्रधान पाठक पैकिंन नरेश बारीक, पीएन भोई, कार्यक्रम अधिकारी दयानंद चौधरी, मनोज कुमार चेलक, दल नायक गौरव सिंह ठाकुर, दल नायिका पूनम बेहरा के सानिध्य में 50 बच्चों का दल शिविर में भाग ले रहे है।

## विकसित भारत 2047 के विकास और युवा थीम पर एकांकी प्रतियोगिता हुई

**सरायपाली।** शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के ग्राम विकास और युवा थीम पर एकांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी हेमलता पटेल, सहायक नोडल अधिकारी राज किशोर पटेल एवं कोऑर्डिनेटर डॉ राधेश्याम पटेल के निर्देशन आयोजित इस प्रतियोगिता में सत्यम दल, शिवम दल और सुंदरम दल ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सत्यम दल ने ग्रामीण विकास को आधार बनाकर अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को बहुत प्रभावित किया। साथ ही बताया गया कि पूर्व में ग्रामीण जन झाड़-फूंक से इलाज कर अपनी जीवन गंवा बैठते थे, लेकिन अब जागरूकता आई है।

प्रतिभागियों ने 2047 के संबंध में अपनी भूमिका, टेक्नोलॉजी, आत्मनिर्भर भारत, शक्तिशाली राष्ट्र, युवा कौशल, वैज्ञानिक शोध, क्षमता और नवाचार के बारे में महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किए। भारत की बढ़ती लोकप्रियता और शक्ति को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किए। हमारी भारत की दशा को सुधारने और एक नई दिशा देने के लिए अपने संकल्प को व्यक्त किए। भारत की



बदलती हुई तस्वीर और तकदीर को उन्नत और विकसित श्रेणी में स्थापित करेंगे। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व के अर्थव्यवस्था के मामले में शिखर पर होगी। जहां प्रत्येक भारतीय अपने देश पर गौरवान्वित महसूस करें। कोई भी व्यक्ति विकसित भारत बनाने में अग्रणी भूमिका का योगदान दे सकता है। इस एकांकी प्रतियोगिता में सत्यम दल प्रथम, सुंदरम दल द्वितीय, शिवम दल तृतीय स्थान पर रहे। एकांकी में सेतकुमार कोसरिया, शिवानी सिन्हा, सिंधु जगत, नमेश कुमार डडसेना, अर्पिता कर, मनीषा स्वाई, जयश्री प्रधान, रेणुका पोर्ते आदि प्रतिभागियों ने सार्थक संवाद और बेहतरीन अभिनय से मंत्रमुग्ध कर दिए। एकांकी का कुशल निर्देशन मेघा दास द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक यूके बरिहा और डॉ झरना साव थे। इस प्रकार की गतिविधियां 25 दिसंबर 2023 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को भव्य बनाने की तैयारी महासमुंद स्थित रानी लक्ष्मी बाई बस्ती (इमलीभाठा अयोध्या नगर राम रहीम नगर) में की जा रही है। इसके लिए गत दिनों राधा कृष्ण मंदिर में धर्मेंद्र महोबिया, राजेश डड़सेना, विजय चंद्राकर, नारायण सिंह ठाकुर, टेकराम सेन, देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में बैठक ली गई।

इसी तारतम्य में अक्षत कलश प्रभात एवं संध्या फेरी एवं अन्य तैयारी के लिए वृंदावन विद्यालय में 19 दिसंबर को एमआर विश्वनाथन, देवचंद राठी, टेकराम सेन, विजय चंद्राकर, सुजाता विश्वनाथन ने वार्ड नंबर 10 इमलीभाठा में



जिम्मेदारी तय करने के लिए बैठक ली। जिसमें प्रमुख रूप से व्हाट्सएप ग्रुप में नाम जोड़ने के लिए एमआर विश्वनाथन, वार्ड में सूचना प्रसार के लिए पार्षद देवीचंद राठी, माखन पटेल, रोशन बग्गा एवं सुजाता विश्वनाथन को जिम्मेदारी दी गई। वार्ड के सभी मंदिरों के रंग रोगन एवं समुचित व्यवस्था हेतु राधा कृष्ण मंदिर के लिए राजेश सोनी, शिव मंदिर हनुमान मंदिर टेकराम सेन, गली हेतु रेखराम डड़सेना, सरिता वर्मा, शिव मंदिर शोभा शर्मा गली हेतु, शोभा शर्मा, प्रतिभा चंद्राकर, श्याम दास मानिकपुरी शिव मंदिर में रोड इमलीभाठा के लिए महेंद्र वर्मा, भदौरिया, राजू नामदेव, हनुमान मंदिर तुमगांव रोड एकता चौक के लिए भूपेंद्र सार्वा, पुनीत देवांगन, बद्री प्रसाद लड्डा को जिम्मेदारी दी गई है।

प्रभात फेरी एवं माइक व्यवस्था के लिए एमआर विश्वनाथन, सीएस गौर, राजेश सोनी, महिला विंग के लिए सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू, अलका पुंज, भजन मंडली के लिए सीएस गौर, भागवत साहू जगदीश साहू को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को एलईडी लगाने के लिए देवेंद्र सिंह सत्ते, देवी चंद राठी एवं टेंट व्यवस्था के लिए शाकंभरी टेंट हाउस इमलीभाठा को जिम्मेदारी दी गई है। बस्ती प्रभारी विजय चंद्राकर, नारायण सिंह ठाकुर, टेकराम सेन ने बताया कि इसी प्रकार वार्ड नंबर 02, 03, 04 के लिए अलग-अलग बैठक कर जिम्मेदारी दी जाएगी एवं 22 जनवरी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में वार्डवासी एकत्रित थे। उक्त जानकारी एमआर विश्वनाथन ने दी है।

## स्कूल-कॉलेजों में साइबर फ्रॉड जागरुकता अभियान जारी



**महासमुंद।** एसपी धर्मेंद्र सिंह के दिशानिर्देश में स्कूल, कॉलेजों में लगातार साइबर अपराध एवं बालक-बालिकाओं, महिला संबंधी विषयों पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल विद्यालय पटेवा में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम हुआ। महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी ने साइबर जानकारी व सीआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम या चोरी हुए मोबाइल को आसानी से ट्रेस करने /शिकायत दर्ज संबंधी आवश्यक जानकारी दी। वहीं महिला आरक्षक अन्नू भोई एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना ने छात्रों को नशापान से दूर रहने, साइबर अपराध से सजग रहने प्रेरित किया। साथ ही अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। किसी प्रकार अपराधिक घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य समीर प्रधान एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

# विद्यार्थियों को अपने छात्र जीवन का उद्देश्य पता होना जरूरी : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अभ्युदय मानवीय शिक्षा शोध संस्थान अछोटी के संस्थापक आचार्य राजन महाराज का आगमन शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में हुआ। यहां प्रार्थना सभा में उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में विद्यालय और अध्ययन के महत्व को समझाया। आचार्य ने कहा कि आज की पीढ़ी भाग्यशाली है कि उन्हें घर के नजदीक ही उच्च शिक्षा के लिए संस्थान उपलब्ध हो जाते हैं। इसलिए छात्रों को अपना अधिकतम परिश्रम विद्या अध्ययन में करना चाहिए। सदैव इस प्रयास में रहे कि गुरु का सानिध्य अधिक से अधिक प्राप्त हो सके, जिससे की ज्ञान प्राप्ति के अवसर में वृद्धि होता रहे। छात्रों को सदैव मानव जीवन के उद्देश्य का आत्मचिंतन करते हुए अध्यापन कार्य में लीन रहना चाहिए।



उन्होंने आधुनिक समय में मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रति छात्रों को सजग करते हुए कहा कि भारत में कई प्राचीन विद्याएं उपलब्ध हैं, जो निरंतर लुप्त हो रहे हैं। इसलिए आज के विद्यार्थी अगर भारत के प्राचीन पारंपरिक विद्या को सीखने में समय दे तो भारत की संस्कृति और छात्रों का भविष्य दोनों ही सुदृढ़ होंगे। उन्होंने अपने विदेशो के अनुभव साझा करते हुए छात्रों को समझाया कि कैसे अपनी संस्कृति और प्रकृति के करीब रहकर अध्यापन से जीवन को उज्ज्वल बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को मानव जीवन में मानवता के साथ जीने का आह्वान करते हुए उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए परिश्रम करने की बात कही। गौरतलब है कि अभ्युदय संस्थान अछोटी में ए नागराज द्वारा प्रतिपादित मध्यस्थ दर्शन का अध्ययन देश विदेश के जिज्ञासुओं को कराया जाता है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अछोटी संस्थान की जीवन विद्या का प्रभाव रहा है। जहां मानवीय मूल्यों पर केंद्रित जो शिक्षा देने का प्रयोग किया गया है, जिसने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ला खड़ा किया है के पीछे सबसे बड़ी वजह दिल्ली सरकार द्वारा 25 हजार शिक्षकों की ट्रेनिंग अभ्युदय मानवीय शोध संस्थान अछोटी से कराया जाना भी है। शाला प्रांगण में आचार्य का शाल, श्रीफल और पुष्पहार से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष विजय शंकर निगम, उषा निगम, उमेश जैन, ललित पटेल ने स्वागत सम्मान किया। शाला के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी एवं उपस्थित शिक्षको भूपेंद्र पढ़ियार, योगेश साहू, दुर्गेश चंद्राकर, कौशल, ओमप्रकाश, जयंत साहू, तुलाराम दीवान, छात्र प्रतिनिधि टीकम बेलदार, उलसी यादव, नित्या देवांगन ने पुष्पहार से आचार्य का शाला में स्वागत किया।

## मोबाइल वैन में 41 की जगह सिर्फ 12 टेस्ट दवा का भी टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों को 41 प्रकार के अलग-अलग बीमारियों के टेस्ट की निःशुल्क सुविधा दिलाने राजधानी में 15 मोबाइल वैन अनुबंधित एजेंसी ने उपलब्ध कराई है। इन चलित गाड़ियों में 42 की जह सिर्फ 12 तरह के टेस्ट की सुविधा है। यही नहीं, मोबाइल मेडिकल यूनिट में पर्याप्त दवा नहीं मिलने की शिकायत भी सामने आई है। रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों की 241 झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को उनके मोहल्ले में ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने नगरीय प्रशासन विभाग ने शहर के लिए 15 मोबाइल वैन की व्यवस्था अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराई है। इनमें से एक मोबाइल वैन सिर्फ महिलाओं के लिए है, जो झुग्गी बस्तियों में रहने वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच करती है। इस वैन में स्वास्थ्य जांच करने वाली डॉक्टर से लेकर सहायक और लेब टेक्निशियन भी महिला हैं। इसे दाई दीदी क्लिनिक का नाम दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### वन संसाधन प्रबंधन पर कार्यक्रम आज

**अरंड (पिथौरा)।** 23 दिसंबर को ग्राम बारनवापारा के गोंडवाना भवन में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन एवं पेशा अधिनियम पर आधारित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंगतू जगत अध्यक्ष आदिवासी समाज बार परिक्षेत्र, रामगुलाल सिन्हा संस्था प्रमुख प्रेरक समिति राजिम गरियाबंद व युगल ठाकुर प्रेरक समिति सदस्य बलौदा बाजार होंगे। विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस अवसर पर बिल्हा बिलासपुर के सुवा नर्तक दल की प्रस्तुति भी होगी। इसमें क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति का आह्वान किया गया है। जिससे उक्त विषयों पर जनसमूह को अवगत कराया जा सके। इसकी तैयारी पूरी होने की जानकारी संतोष कुमार मरावी ने दी।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 27 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 दिसंबर 2023 को हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजन मुंबई इंटेलिजेंस सिक्योरिटी (आई) लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 80 पद के लिए दसवीं पास आवेदकों की भर्ती 12 से 15 हजार मासिक वेतन पर की जाएगी। इन पदों पर भर्ती के लिए योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि पर शैक्षणिक योग्यता की छाया प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं।



### कृतेश के शतक से महासमुंद की टीम बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मे महासमुंद का दूसरा मुकाबला कांकेर से दल्लीराजहरा में खेला गया। जिसमें कांकेर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। परन्तु, उनका यह फैसला महासमुंद की टीम ने गलत साबित करके दिखाया और शानदार खेल दिखाते हुए दोनों ओपनर ने 66 रन की साझेदारी की। महासमुंद की टीम के ओर से शोभित के रन 28, कृतेश के 114 रन तुषार 43 के रन अनुराग 47, तृपेश के 21, आदित्य के 23 रन की बदौलत महासमुंद के टीम एक मजबूत स्थिति में पहुंच गई और दिन का खेल खत्म होने तक महासमुंद की टीम ने 327/6 रन बना लिए। जिसमें चंद्रकांत देवांगन 26 और प्रशांत 5 रन बनाकर खेल रहे हैं।

## आयोजन : छात्रों को शिक्षा और खेल के लिए किया प्रेरित

# सशिमं में रामानुजन जन्मदिवस पर गणित मेला, विविध स्पर्धा भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर एक दिवसीय गणित मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव भूपेंद्र राठौर, अध्यक्षता समिति के सदस्य संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, ओम, भारतमाता एवं श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर तिलक, पुष्प अर्पण, व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी भैया बहनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ऐसी ही विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेते रहे और विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करते रहे। अध्यक्षता कर रहे संध्या शर्मा ने कहा कि सभी भैया बहन मोबाईल से दूरी बनाकर रखें। गणित विषय पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत कर भैया बहनों को गणित के प्रति रूचि रखने एवं सभी विषयों की अच्छी से तैयारी कर आगामी वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर विद्यालय गणित विषय पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें गणित प्रादर्श में शिशु वर्ग से प्रथम ओंकार नेताम, द्वितीय सिद्धार्थ कन्नौजे, तृतीय धर्मवीर नेताम। बाल वर्ग से प्रथम लक्ष्य पटेल, द्वितीय ईशिका पटेल। तरूण वर्ग से प्रथम धारणा साहू, गणित चार्ट प्रतियोगिता में शिशु वर्ग प्रथम भीमेश सेन, द्वितीय चुन्नी पटेल, तृतीय खुशी चंद्राकर। बाल वर्ग से प्रथम चिराग साहू, द्वितीय उर्वशी सिन्हा, तृतीय लुकेश्वर साहू, किशोर वर्ग से प्रथम योगिता ध्रुव, द्वितीय चंद्रकांत निर्मलकर, तृतीय विधि साहू। व्यंजन सज्जा प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से प्रथम डिलेश्वरी कन्नौजे, द्वितीय दीपाली मधुकर, तृतीय देवेंद्र साहू, बाल वर्ग से प्रथम निधि जलक्षत्री तृतीय अनन्या यादव, किशोर वर्ग से प्रथम लुभांशी ध्रुव। तरुण वर्ग से प्रथम गीतांजलि खुटे, द्वितीय साक्षी सिन्हा तृतीय रानू देवदास, अनुमानित मापन प्रतियोगिता में बाल वर्ग से प्रथम अभिज्ञान मिश्रा, द्वितीय दोनिशा साहू, किशोर वर्ग से प्रथम गुलशन मानिकपुरी, द्वितीय ओमप्रकाश, तरुण वर्ग से प्रथम विश्व पटेल, द्वितीय छाया साहू। निबंध प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से प्रथम नूर सागर पटेल, द्वितीय भूपेंद्र कुमार साहू, तृतीय यशवंत पटेल, बाल वर्ग से प्रथम खुशबू पटेल, द्वितीय वर्षा कन्नौजे, तृतीय यामिनी साहू, किशोर वर्ग से प्रथम ख्याति यादव, तरुण वर्ग से प्रथम गीतांजलि पटेल। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम कुणाल ठाकुर, द्वितीय गरिमा ध्रुव, तृतीय राधिका, बाल वर्ग से प्रथम डिंपल साहू, किशोर वर्ग से प्रथम वंदना साहू, द्वितीय उमेश्वरी, तृतीय समीर ढीढी, उल्टी सीधी गिनती प्रतियोगिता में कक्षा अरुण उदय प्रथम से प्रथम युग यादव, मान्या ध्रुव, टियांश सिन्हा, विवेक सिन्हा, भव्या दीवान, शिशु वर्ग से प्रथम दुष्यंत साहू, बाल वर्ग से प्रथम शिवम गोस्वामी, किशोर वर्ग से प्रथम लीना साहू। सीधा पहाड़ा में शिशु वर्ग से प्रथम शुभम महानंद, द्वितीय आराध्या ठाकुर, तृतीय सीतेश पटेल, बाल वर्ग से प्रथम चिराग साहू, द्वितीय चित्रांश देवांगन, तृतीय लुकेश्वर साहू। किशोर वर्ग से प्रथम खुशी निषाद, द्वितीय खुशबू यादव। उल्टा पहाड़ा में किशोर वर्ग से प्रथम विधि साहू। रंगोली प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से कुमकुम चक्रधारी, द्वितीय वर्षा प्रजापति, तृतीय भिमी साहू, बाल वर्ग से प्रथम ऐश्वर्या चंद्राकर, द्वितीय नीलिमा चक्रधारी, तृतीय मंजू साहू, किशोर वर्ग से प्रथम खुशी तारक, तरुण वर्ग से प्रथम कुसुम साहू, द्वितीय भूमिका सिन्हा।

भाषण प्रतियोगिता में बाल वर्ग से प्रथम शौर्य सिंह किशोर वर्ग से प्रथम योग्यता ध्रुव, तरुण वर्ग से प्रथम देवीसी साहू, द्वितीय देवेश तिवारी ने स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर पिटियाझर के भैया बहनों ने भी हिस्सा लिया। जिसमें भारती यादव, कुमकुम वर्मा, वंदना हरपाल, गौरी सोनी, सृष्टि राजपूत, अखिल बेलदार, देवेंद्र साहू ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही कम समय में अच्छे से तैयारी की और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं संचालन आचार्या मनोज साहू ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम के प्रभारी वरिष्ठ आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, विद्यालय के आचार्य बलराम सेन, नारायण साहू, आचार्या दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, अनुराधा चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, तनुजा साहू, मोनल साहू, लिलेश्वरी साहू, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, तनुजा साहू, मल्लिका चंद्राकर आचार्य हेमंत साहू, अश्वनी साहू, तुलसी पटेल, कुंजलाल पटेल, दिलीप टंडन, किरण साहू, अजीत राम साहू, हेमलाल चंद्राकर आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

## श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर के रमन टोला एवं महावीर पार्क चाणक्य बस्ती, भाजपा कार्यालय से लेकर कलेक्टर कॉलोनी में श्रीराम मंदिर अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप एवं श्रीराम का भजन करते हुए अभियान के कार्यकर्ता प्रातः भ्रमण के लिए निकले। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन नगर के अलग अलग वार्डों में निकाली जा रही है।

इस दौरान महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा का साथ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कुंभज चंद्राकर, विजय साहू, नाथू राम बया, लोकेश साहू, विजय वर्मा, संजय चंद्राकर, लक्ष्मण साहू, परमानंद साहू, जीवन वर्मा, गोविंद साहू, घनश्याम ठाकुर, गोसाई राम तोंडेकर, दक्ष साहू, सुशील साहू, वासु चंद्राकर, सुमन वर्मा, मीना वर्मा, राधिका चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, लीना चंद्राकर, उषा देवांगन, श्यामा साहू, जमुना साहू, गायत्री साहू आदि उपस्थित रहे।

# किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से भागना भाजपा की पुरानी आदत : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों द्वारा किसान आत्महत्या सहित जनहित से जुड़े अन्ये मुद्दों पर बात करने का प्रयास किया तो मुद्दों पर बात करने के बजाए भाजपा के मुख्यमंत्री व विधायक चर्चा से बचते नजर आए।

चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा हो या लोकसभा जनता से जुड़े सवालों पर भाजपा कभी चर्चा नहीं करती। बल्कि, आवाज उठाने वाले विपक्षी सांसदों तथा विधायकों को निलंबित कर दिया जाता है। भाजपा सरकार का जनहित से जुड़े मुद्दों पर बात करने का मन नहीं है। वह केवल सत्ता का सुख भोगना चाह रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नारायणपुर के कोकणाझोर गांव के किसान आत्महत्या के संबंध में चर्चा करने की मांग की। लेकिन, शुरू से किसान विरोधी रही भाजपा सरकार ने इस पर चर्चा करना मुनासिब नहीं समझा।



चंद्राकर ने कहा कि धान खरीद के लिए सिर्फ 3800 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो दो साल का बोनस देने में ही खत्म हो जाएगा। महतारी वंदन योजना के लिए अनुपूरक बजट में जितना प्रावधान किया गया है, वह केवल 30 लाख महिलाओं को ही दिया जाएगा। जिससे यह आंकलन निकल रहा है कि 70 लाख महिलाओं को यह सरकार ठगेगी। चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी में 21 क्विंटल 3100 में धान खरीद की बात कही गई। 21 क्विंटल का आदेश जारी करने के बाद सोसायटी को आदेश नहीं दिया गया है। धान 700 क्विंटल छोटी सोसायटी और 1600 से ज्यादा बड़ी सोसायटी नहीं खरीद पाएंगे। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की फ्लैगशिप योजना महतारी वंदन योजना के लिए बजट में 1200 करोड़ के प्रावधान है। इसे मार्च तक के लिए अनुपूरक बजट माने तो जो प्रावधान किया गया है, यह केवल 30 लाख महिलाओं को ही दिया जाएगा। जिससे यह आंकलन निकल रहा है कि 70 लाख महिलाओं को यह सरकार ठगेगी। भाजपा ने पहले किसानों को ठगा और अब माताओं को भी ठगने का काम कर रही है।

## अजा वर्ग से केवल एक मंत्री बनाए जाने से समाज नाराज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रीमंडल में अजा वर्ग के केवल एक को मंत्री बनाए जाने के बाद अनुसूचित जाति समाज के लोग उपेक्षित महसूस रहें हैं। सर्व अनुसूचित जाति समाज के जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार व मंत्रीमंडल के गठन में अनुसूचित जाति के विधायकों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देकर नजरंदाज किया गया है। पहले आदिवासी से मुख्यमंत्री और ओबीसी व सामान्य वर्ग से उपमुख्यमंत्री बनाकर संतुष्ट किया गया। जिसमें भी राज्य में तीसरे नंबर की आबादी वाले समाज को नजरंदाज किया गया। जबकि, वर्ग वार प्रतिनिधित्व के हिसाब से अजा वर्ग से भी एक और उपमुख्यमंत्री बनाया जाना था। वहीं अब मंत्री मंडल में भी अजा वर्ग के केवल एक विधायक दयालदास बघेल को मंत्री बनाया गया है। जबकि, राज्य निर्माण के समय जोगी मंत्रिमंडल से लेकर डॉ रमन सिंह व भूपेश बघेल मंत्रिमंडल में अजा वर्ग के दो मंत्री बनाया जाता रहा है। जनसंख्या के हिसाब से छत्तीसगढ़ में 10 विधानसभा अजा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के चार विधायक पुन्नु लाल मोहले, दयालदास बघेल, डोमनलाल कोर्सेवाडा. और गुरु खुशवंत साहेब जीते हैं। सर्व अनुसूचित जाति समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, सरंक्षकगण केआर मुखर्जी, देवेंद्र रौतिया, तुलेंद्र सागर व विजय बंजारे व भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से अजा वर्ग के दो मंत्री बनाने की मांग किया गया है।

## साय कैबिनेट में महासमुंद संसदीय सीट से एक भी मंत्री नहीं: अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी कैबिनेट का विस्तार किया है। 9 मंत्रियों ने शपथ ली है लेकिन इसमें महासमुंद जिले सहित संपूर्ण महासमुंद संसदीय लोकसभा क्षेत्र से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है।

इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जारी वक्तव्य में पूर्व जिला अध्यक्ष व कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा उक्त निर्णय लेकर न सिर्फ जिले बल्कि सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया है। एक ओर भाजपा सभी क्षेत्रों को सरकार में समुचित स्थान व समुचित विकास देने की बात करती है। लेकिन जब मंत्रिमंडल में स्थान देने की बात आई तो भाजपा सरकार इसके विपरीत कार्य कर रही है। पूर्व में जब 15 सालों तक जब प्रदेश में भाजपा की सरकार रही तब भी महासमुंद विधानसभा व सम्पूर्ण महासमुंद संसदीय क्षेत्र में विकास विकास के मुद्दे पर भेदभाव किया जाता रहा। जिससे अन्य संसदीय क्षेत्रों की तुलना में महासमुंद संसदीय क्षेत्र विकास में पिछड़ा हुआ है।



### एक स्थान पर हो महासमुंद क्षेत्र से मंत्री

कांग्रेस नेता अमरजीत चावला ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से एक भी मंत्री न बनाए जाने को लेकर स्थानीय जनता में नाराजगी है। ऐसे में साय मंत्रिमंडल में मंत्री का एक पद अभी भी रिक्त है। जिस पर महासमुंद जिले से किसी एक विधायक को लिया जाए, ये हमारी मांग है।

ताकि, इस क्षेत्र में भी समुचित विकास हो सके। कांग्रेस में सत्ता में रहे या विपक्ष में जनता के हितों व विकास को गति देना प्राथमिकता रहती है, इसलिए हम चाहते है कि जिले के समुचित विकास के लिए जिले से एक विधायक को मंत्रिमंडल के रिक्त स्थान में लिया जाए।

# महर्षि विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शन व आनंद मेला का आयोजन, विद्यार्थियों के अभिभावक भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी सकूल मचेवा में विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का आयोजन शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में किया गया। प्राचार्य आरके तिवारी ने अपने संबोधन में जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसके सदुपयोग को भी साझा किया।




छात्रों द्वारा भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, जीवविज्ञान एवं वाणिज्यशास्त्र अनेक मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण के रूप में डॉ ईपी चेलक, एम धीवर, डॉ स्वेतलाना नागल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार खाने पीने जैसे मैगी, समोसा, दही कचौड़ी, गुपचुप आदि की स्टाल लगाई। इन स्टालों में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खरीददारी कर बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और मनोरंजन के लिए इस आनंद मेले का आयोजन किया गया। इसमें प्राइमरी, मिडिल, हायर सेकेंडरी के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गोविंद ठाकुर, नंदकुमार साहू, अर्चना गोतमारे एवं समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता हुई। बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### सुरता सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन 25 को

बागबाहरा। स्व मेहतर राम साहू सृजन संस्थान और साहित्य संदेश बागबाहरा द्वारा 25 दिसंबर को प्रेस क्लब मोतीबाग रायपुर में सुरता सम्मान समारोह, कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के अनुसार यह कार्यक्रम लगातार 14वां वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे पूजन-वंदन, सरस्वती वंदना, राजकीय गीत, पहुना सत्कार और पुस्तक कंउवा लेगे कान ल (व्यंग्य संग्रह- मेहतर राम साहू) के विमोचन से होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ बिहारी लाल साहू रायगढ़ होंगे। अध्यक्षता भाषाविद डॉ. चितरंजन कर करेंगे, अतिविशिष्ट अतिथि अनूप रंजन (पद्म/ बस्तर बैंड संस्थापक), विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर एवं दुर्गा प्रसाद पारकर वरिष्ठ साहित्यकार रहेंगे। इस अवसर पर सुरता सम्मान के अंतर्गत मेहतर राम साहू सम्मान शिव निश्चिंत रायपुर-गीत/गजल, डॉ. नारायण लाल परमार सम्मान- वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र सरल मगरलोड (व्यंगकार), डॉ. प्रभंजन शास्त्री सम्मान- चंद्रहास साहू, धमतरी (कहानीकार), हरिकृष्ण श्रीवास्तव सम्मान- ईश्वर आरुग (आरुग पत्रिका), पीएल कोरी सम्मान- पूरन जायसवाल (गजल), साहित्य संदेश सम्मान- साकेत साहित्य समिति सुरगी राजनांदगांव को प्रदान किया जाएगा। दूसरे सत्र की शुरुआत दोपहर 2.30 बजे कवि सम्मेलन से होगी। जिसमें अतिथि राजनांदगांव के लोकगायक महादेव हिरवानी, दुर्ग के लोकगायक सुनील सोनी, रायपुर के लोक गायक अनुराग शर्मा और रायपुर के भजन व लोकगायक पं विवेक शर्मा होंगे। द्वितीय सत्र के इस आयोजन में मेहतर राम साहू के गीतों का गायन होगा। साथ ही उपस्थित कवियों द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जाएगा।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# देवांगन समाज की नारी किसी से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महिला देवांगन समाज महासमुंद का दीपावली मिलन समारोह इमलीभाठा स्थित देवांगन भवन में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में महासमुंद जिले की तीनों राज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रही। माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बेबी युक्ता द्वारा दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत तथा स्वागत भाषण नगर महिला अध्यक्ष तृप्ति देवांगन द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया योगेश्वर सिन्हा ने महिलाओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए लक्ष्मी केसर देवांगन ने कहा कि शक्ति की प्रतीक



महिलाओं को अब 33% आरक्षण सरकार द्वारा दिया गया। महिलाएं चांद पर जा रही है। हमारे समाज की नारी किसी से कम नहीं, वह समाज को बदलने की ताकत रखती है। कुंती ने कहा कि महिलाएं किसी से कमजोर नहीं है उनके लिए भी सब संभव है। रसोई से लेकर चांद तक का सफर करने की क्षमता है इसलिए सबसे घर से बाहर निकल कर समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर कर सकती हैं। डॉ अन्नपूर्णा देवांगन महिला जिलाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज संगठित होते है। एक दूसरे के विचारों से अवगत होकर समाज हित कुछ कार्य करने को प्रेरित होते हैं।

इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष कमलेश देवांगन ने कहा कि मनुष्य का जीवन केवल खाने पीने के लिए नहीं वरन कुछ कर गुजरने के लिए भी है। समाज में व्याप्त बुराइयाँ उसे खोखला करती है उन बुराइयों से हमें लड़ना हैं। महिला जिलाध्यक्ष डॉ. अन्नपूर्णा देवांगन द्वारा सर्व सहमति से जिला महिला मंडल का गठन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर चारों राज से संरक्षक कुंती देवांगन, साधना देवांगन, फूलबासन देवांगन को चुना गया। अंजू भोजनाथ देवांगन बागबाहरा, पुष्पांजलि देवांगन पड़कोड, लीलावती देवांगन झलप तथा रुपमती देवांगन को चुना गया। सचिव पद पर गीता ईशु देवांगन बागबाहरा (सुवरमाल राज), कोषाध्यक्ष चंदा जगत देवांगन पड़कोड (खोल्हा राज) एवं सहसचिव के रूप में पुष्पा देवांगन, सुखिया देवांगन झलप, अनीता देवांगन बागबाहरा, विमला देवांगन पड़कोड को चुना गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों मे दबाव, सून्यपन, स्यायटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### खरोरा में गीता जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गीता जयंती मनाई गई। इसमें महेश्वरी चंद्राकर, दिनेश्वरी निर्मलकर, माधुरी, गायत्री चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, शीला चंद्राकर, ममता चंद्राकर, खुशबू निर्मलकर, शीला कनौजे, मोनिका चंद्राकर, हेमा चंद्राकर, जनक बाई चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, उतार चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### विस अध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** युवा नेता अशवंत तुषार साहू ने रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री व छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाक़ात की। उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश में नई जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष जताया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद ।

### दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव की तैयारी की हुई समीक्षा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने कर्मचारी भवन में बैठक आयोजित कर 26 दिसंबर को राजिम में होने वाले प्रांत स्तरीय भगवान दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, नारेंद्र प्रकाश गिरि, खोमन भारती, प्रकाश गिरि, दीपेश गिरि, निमेंद्र गिरि आदि उपस्थित थे। बैठक में यह तय किया गया कि महासमुंद जिले से कार्यक्रम में जाने वाले समस्त सदस्य उक्त तिथि को प्रातः 8 बजे कर्मचारी भवन में एकत्रित होंगे तथा बस द्वारा राजिम के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विश्वनाथ ने 55 वर्ष तक 4 जेनरेशन के साथ सर्विस कर रचा विश्व कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एक ऐसा चर्चित एवं ख्यातिप्राप्त नाम है, जिसके साथ सफलता एवं सम्मान की लंबी फेहरिस्त जुड़ी हुई है। पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 17 आधारित ग्लोबल कांफ्रेंस, स्वच्छता, साक्षर भारत, स्वास्थ्य, पोलियो, लेप्रोसी, क्षय रोग निवारण, रेड क्रॉस सोसायटी, समाजसेवा, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ, कोरोना योद्धा, जैव विविधता संरक्षण, मतदाता जागरुकता सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यों के लिए स्थानीय स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार एवं राज्यपाल सम्मान प्राप्त हुए हैं।

खुले में शौच मुक्त भारत बनाने के अभियान में उनकी अग्रणी भूमिका, समर्पण एवं नवाचार से स्वच्छ भारत मिशन द्वारा जहां जिला नवरत्न, स्वच्छता दूत, स्वच्छता चैंपियन, ओडीएफ मैन सहित अनेक सम्मान दिए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में स्थान मिला। साथ ही शौचालय



बनाने लोगों को प्रेरित करने पाणिग्राही के सफलता की कहानी पर शासन द्वारा डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई गई, जिसका प्रदर्शन छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में किया गया। कुछ समय पूर्व ही मलेशिया में इंडो मलेशिया फ्रेंडशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ गया। डॉ पाणिग्राही ने विश्व में सबसे लंबे समय तक 55 वर्ष एक ही कंपनी की 4 पीढ़ियों के साथ नौकरी करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड मनीष विश्नोई ने यह सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर सम्मान प्रदाता गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड मनीष विश्नोई एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्थान का फर्म चकुभाई घेलाभाई एंड संस, किशनलाल अमरसीभाई, विजयभाई, भावेशभाई, देवांश भाई का आभार व्यक्त किया।

पुलिस बालमित्र रोशना डेविड उड़ान जीएस सोसायटी को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रसन्नता एवं गौरव अनुभव करते हुए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि मैंने 16 वर्ष की उम्र में 14 अगस्त 1968 को तेंदूपत्ता व्यापारी चकुभाई घेलाभाई एंड संस फर्म में सर्विस शुरू किया तथा तब से अब तक 55 वर्ष की सर्विस पूरी कर लिया है। 71 वर्ष की आयु पूर्ण कर कठिन परिश्रम, सेवा समर्पण, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ आज चौथी पीढ़ी के साथ भी कार्य कर रहा हूं। इसी कीर्तिमान के लिए मुझे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में यह विश्व सम्मान मिला है। इस उपलब्धि के लिए डॉ पाणिग्राही को मित्रों, शुभचिंतकों एवं विभिन्न समाजों से समाजजनों ने हर्ष जताया है।

**कार्यक्रम:** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा

# ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सार्थक सिद्ध हो रही हैं सरकार की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत क्षेत्रों में पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुलभ रूप से पहुंचाने तथा इस संबंध में जानकारी देने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथ ने शुक्रवार को महासमुंद जनपद के ग्राम पंचायत गोपालपुर एवं खैरझिटी में आयोजित शिविर में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोती साहू ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने काम किया जा रहा है।




शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके फलस्वरूप आम लोगों के जनजीवन में सुधार हो रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड योजना में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, फसल बीमा योजना से फसलों की क्षति होने पर उसकी भरपाई, नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने एवं इसके साथ-साथ अनेक कल्याणकारी योजनाएं जिससे लोगों के जीवन में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। शिविर में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौके में लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की गई। शिविर में विद्यालयीन बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा आवेदन भराया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं ग्रामीण वासियों को जानकारी प्रदान की गई। शिविर स्थल पर लाभार्थी हितग्राहियों ने उन्हें मिले लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में सभी को सुनाई। ग्राम खैरझिटी की कुसुमलता चेलक एवं जानकी कोसले ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया।

उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें चूल्हे के धुंए से राहत मिली है। वहीं प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से लाभान्वित मिलन साहू ने बताया कि उन्हें 15 किस्तों में राशि प्राप्त हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी कुमारी बाई सतनामी, रजवंतीन बाई टंडन, सुरेश कुमार यादव एवं बेन बाई ढीढी को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कांपा की चंचल ठाकुर को डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को खुले मन से धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। शिविर स्थल पर सरपंच मोतिम सहदेव ध्रुव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश साहू, उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### बास्केटबाल कोर्ट फ्लोरिंग कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** स्थानीय मिनी स्टेडियम में बास्केटबाल कोर्ट फ्लोरिंग कार्य हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया जा रहा हैं। इस कार्य का शुभारंभ मनोज धृतलहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, मनीष श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक, दानेश्वर सिन्हा, राजा गुरुदत्ता ने पूजा अर्चना कर किया गया। जिला बास्केटबाल संघ महासमुंद ने कलेक्टर प्रभात मलिक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, राहुल रंजन, उदय मंडल उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में रामेश्वरी का चयन

**महासमुंद।** स्थानीय शासकीय डीएमएस उमावि की छात्रा रामेश्वरी यादव का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर गर्ल्स हैंडबॉल स्पर्धा में हुआ, जो 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक वाराणसी में आयोजित था। उक्त प्रतियोगिता में चयनित होने पर डीईओ मुखर्जी, एडीएसओ अंजलि बरमाल, डीएसओ मनोज धृतलहरे, बीईओ सिन्हा, एबीईओ हीना ढालेन, हैंडबाल संघ के सचिव इमरान अली, संस्था के प्राचार्य केके शुक्ला एवं संस्था के व्यायाम शिक्षक हिरेंद्र कुमार साहू सहित शाला के सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



### महाविद्यालय में हुआ सीसीए पर कार्यक्रम

**महासमुंद।** शांत्री बाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय के बीएड विभाग के प्रथम सेमेस्टर के सीसीए प्रथम ग्रुप संस्कृति द्वारा सीसीए का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने की। मुख्य अतिथि राहुल चंद्राकर रहे। बीएड विभाग अध्यक्ष मेनका चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक शत्रुघ्न पटेल और सभी आध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रार्थना व वंदना की गई। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विभिन्न राज्यों की संस्कृति को संस्कृत ग्रुप के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत, गीत व भजन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। हास्य व्यंग के माध्यम से सामाजिक अंधविश्वास को दूर करने का बहुत ही अच्छा प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में अतिथियों द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया।

## मुढ़ीपार के कोटवार को हटाने की मांग लेकर तहसीलदार को ज्ञापन

**पिथौरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामवासियों द्वारा निष्क्रियता के चलते ग्राम कोटवार को हटाने की मांग तहसीलदार पिथौरा से की है। पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम मुढ़ीपार के ग्रामवासियों ने तहसीलदार के समक्ष लिखित आवेदन कर कोटवार को हटाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम मुढ़ीपार के कोटवार पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है। जिसके चलते कोटवार अपने कार्य का परिचालन नहीं कर रहा है। जिसमें ग्राम सभा की महत्वपूर्ण सूचनाएं और अन्य सूचनाओं से ग्रामवासी वंचित हो रहे हैं, जिससे निराश होकर ग्रामीणों ने ग्राम मुढ़ीपार के कोटवार को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने शिकायत के बाद तहसीलदार साहब से मांग पूरी होने की पूर्ण उम्मीद जताई है। शिकायत करने वालों में विष्णु नागवंशी, संतोष सागर, राघवेंद्र ठाकुर, नरेंद्र, भागीरथी ध्रुव, हीरालाल आदि शामिल है।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रांताध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष कमल वर्मा का पिथौरा आगमन हुआ। उनके साथ राजपत्रित संघ के केएल मरावी एवं अनुज सिंह ठाकुर भी थे। स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। फेडरेशन अध्यक्ष वर्मा ने फेडरेशन के स्थानीय पदाधिकारीयों से संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में बदली हुई परिस्थितियों में कर्मचारियों के हित में सबसे बड़े



अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के दायित्व और अधिक बढ़ गया है। नई सरकार से कर्मचारी जगत को काफी अपेक्षाएं एवं उम्मीदें है। फेडरेशन छग सरकार से समन्वय स्थापित कर लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रयत्नशील रहेगा।

इस अवसर पर फेडरेशन के तहसील अध्यक्ष उमेश दीक्षित, रोहिणी देवांगन, सुधीर प्रधान, पुनीत सिन्हा, दिनेश नायक, विनय गार्डिया, लेखराम जगत, हरिहर यदु, सुखसागर जगत, लेखराम साहू, विक्रम वर्मा, आशा राम बरिहा, अमर पटेल, नरेश नायक, रमेश पटेल, एमके साहू, तीर्थलाल राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन, योग को लोगों तक पहुंचाने दिया संदेश

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को योग विभाग में पीजी डिप्लोमा योग के छात्र-छात्राओं के लिए व्याख्यान आयोजन किया गया। जिसमें देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के तीन शोधार्थी छात्राओं द्वारा व्याख्यान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ ईपी चेलक ने व्याख्यान में उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए योग को स्वयं से जनमानस तक पहुंचाने संदेश दिया। व्याख्यान सत्र में गायत्री परिवार महासमुंद के संरक्षक पूर्णिमा साहू उपस्थित रही। उन्होंने कन्या कौशल और योग के



व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार रखे। देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के तीन छात्राओं का व्याख्यान दिया। जिसमें दुर्गेश नंदिनी, प्रियंका यादव, लक्ष्मी साहू ने योग के छात्राओं को व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के योग विभागाध्यक्ष दिलीप कुमार लहरे, रूखमणी साहू, योग सहायक कपिल पेंदरिया एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यकः पूर्णिमा

**महासमुंद।** हम सुधरेंगे- युग सुधरेगा, हम बदलेंगे-युग बदलेगा के उद्घोष के साथ गायत्री महायज्ञ, हवन व बाल संस्कार बौद्धिक के पश्चात शाला प्रवेश किया गया। विदित हो कि लगभग छह माह के दीर्घ मरम्मत के पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरोरा के शाला भवन का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर यज्ञ संचालित कर रही आचार्य दीदी पूर्णिमा साहू ने कहा कि आज के बच्चे ही देश के भविष्य है। बुनियाद सही होने पर ही इमारत मजबूत होता है। अतः बालपन से ही शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है। गायत्री मिशन की दुलारी चंद्राकर ने कहा कि व्यक्ति के विकास से परिवार, समाज और राष्ट्र का विकास होता है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। इस अवसर ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने कहा कि गायत्री परिवार जीवन जीने की कला सिखाती है। यह वसुधैवकुटुम्बकम की भावना को लेकर संस्कृति के आदर्श सिद्धांतों को आधार मानते हुए परिवार, समाज, राष्ट्र और युग निर्माण करने वाले व्यक्तियों का संघ है। एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ में प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी, शिक्षक डोमार राम साहू, रामेश्वरी ध्रुव, दुबे कुमार पटेल, गायत्री चंद्राकर, प्रीति तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, कौशल्या चंद्राकर, ममता चंद्राकर, रूपा टंडन, सरोज चंद्राकर, गीता चंद्राकर, ग्राम प्रमुख किशन चंद्राकर, शक्ति पीठ की परिवार्जक भूखन निषाद, रामप्रसाद चंद्राकर, इंडियन कालेज छात्राध्यापकगण, शाला प्रबंधन समिति सहित बाल संसद की सहभागिता रही। उक्ताशय की जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक डोमार राम साहू ने दी।

